**जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बालोद (छ.ग.)**
कार्यालय फोन नं. 07749–299509
Email – deobalod223@gmail.com

## :: अग्निवीरवायु भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन ::

भारतीय वायुसेना भर्ती द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों हेतु अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु **ऑनलाईन परीक्षा दिनांक 17 मार्च 2024** को आयोजित की गई हैं। ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए उम्मीदवार को **दिनांक 17 जनवरी 2024 से 06 फरवरी 2024 तक वायुसेना के वेबसाईट https://agnipathvayu.cdac.in में जाकर पंजीयन** करना होगा। इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय/राज्य की शिक्षा बोर्ड/संस्था से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय/त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण या अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट/10+2 परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए । उम्मीदवार को दिनांक 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 के बीच का जन्म होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई पुरूष हेतु 152.50 सेमी. महिला हेतु 152 सेमी, सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी. एवं फुलाने पर 82 सेमी., महिला आवेदक हेतु समानुपात में, वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में, सामान्य श्रवण क्षमता, दृष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए । उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवार को 04 वर्ष के लिए चयन किया जावेगा तथा अग्निवीर वायु भर्ती के नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्ता देय होगा। जिसमें प्रथम वर्ष 30,000/– एवं भत्ता की राशि देय होगी । 04 वर्ष की सेवा उपरांत उम्मीदवार को सेवा निधि पैकेज, जीवन बीमा कव्हरेज तथा अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र का लाभ दिया जावेगा । अधिक जानकारी के लिए वायुसेना के वेबसाईट **https://agnipathvayu.cdac.in** या दूरभाष क्र. 011–25694209/25699606 तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बालोद या कार्यालय के दूरभाष क्र. 07749–299509 से संपर्क कर सकतें हैं ।

जिला रोजगार अधिकारी,
बालोद
17-1-24

क्रमांक/जिरोकाबा/वायुसेना/24/ 463 बालोद, दिनांक :– 17.01.2024

प्रति,

सहायक संचालक,
जिला जनसंपर्क कार्यालय, जिला बालोद (छ.ग.)

विषय :– भर्ती रैली के आयोजन के प्रचार–प्रसार हेतु प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन बावत्।

—000—

विषयान्तर्गत कृपया उक्त विज्ञप्ति, **बालोद** जिले के युवाओं के सूचनार्थ/व्यापक हित हेतु स्थानीय एवं प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगे।


जिला रोजगार अधिकारी,
बालोद
17-1-24

क्रमांक / जिरोकाबा / वायुसेना / 24 / 4649 बालोद, दिनांक :– 17.01.2024

प्रतिलिपिः–

1. संचालक "रोजगार पक्ष", संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, अटल नगर, रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला बालोद को सादर सूचनार्थ ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बालोद को सादर सूचनार्थ ।
4. पुलिस अधीक्षक, जिला बालोद को सादर सूचनार्थ ।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बालोद को सूचनार्थ। कृपया अपने स्तर से व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करेंगे।
6. प्राचार्य, समस्त शासकीय महाविद्यालय / पॉलीटेक्निक कॉलेज / औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, जिला बालोद को सूचनार्थ। कृपया अपने स्तर से व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करेंगे।
7. सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला बालोद को सूचनार्थ । कृपया अपने स्तर से व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करेंगे ।
8. सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत / नगर पालिका परिषद् जिला बालोद को सूचनार्थ। कृपया अपने स्तर से व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करेंगे।
9. ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, चिप्स, जिला बालोद को सूचनार्थ। कृपया जिले के समस्त लोक सेवा केन्द्र / च्वाईस सेंटर / सामान्य सेवा केन्द्रों को सूचित करने का कष्ट करेंगे।

जिला रोजगार अधिकारी,
बालोद
17-1-24


श्री विष्णु देव साय
मान.मुख्यमंत्री, छ.ग.
श्री विजय शर्मा
मान. उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
भारतीय वायुसेना में
अग्निवीर भर्ती
जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद(छ.ग.)

# वायुसेना में अग्निवीर भर्ती 2024 के संबंध में सामान्य जानकारी

1. ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन - 17 जनवरी 2024 से 6 फरवरी 2024 तक

2. वेबसाइट (आनलाईन पंजीयन हेतु) - **https://agnipathvayu.cdac.in**

3. चयन प्रक्रिया के चरण -

   चरण-01 - ऑनलाईन कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा

   चरण-02 - शारीरिक दक्षता परीक्षण

   चरण-03 - चिकित्सा परीक्षण

4. आयु - (अ.) 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच का जन्म

   (ब.) चयन की स्थिति में आयु 21 वर्ष

5. पात्रता हेतु वैवाहिक स्थिति - केवल अविवाहित महिला एवं पुरुष आवेदकों के लिए

6. ऑनलाईन परीक्षा दिनांक - 17 मार्च 2024 से...

## शैक्षणिक योग्यता

### (अ) सांइस विषय (गणित समूह)

इन्टरमीडियेट 10 +2 / समकक्ष परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था या बोर्ड से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंको के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक

अथवा

इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा अंगेज्री में 50 प्रतिशत अंक (मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / आटोमोबाइल / इन्स्ट्रूमेंटेशन टेक्नलॉजी / इन्फोरमेशन टेक्नालॉजी)

अथवा

अव्यावसायिक कोर्सों के साथ 2 वर्ष का व्यावसायिक कोर्स भौतिकी या गणित विषयों में 50 प्रतिशत अंको के साथ तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से

### (ब) सांइस विषय के अलावा अन्य विषय

किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंको के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक उत्तीर्ण

# अनिवार्य शारीरिक मापदण्ड

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऊँचाई | अ. पुरुष आवेदक के लिए - ऊंचाई 152.50 सेमी.<br>ब. महिला आवेदक के लिए - उत्तर पूर्व या पहाड़ी क्षेत्र की महिला के आवेदकों के लिए ऊंचाई 147 सेमी, लक्ष्यदीप की महिला आवेदकों के लिए 150 सेमी. एवं अन्य सभी क्षेत्रों की महिलाओं के लिए 152 सेमी. | | |
| 2 | वजन | ऊँचाई एवं आयु के समानुपात में | | |
| 3 | सीना | अ. पुरुष आवेदकों के लिए - 77 सेमी. एवं फुलाने पर 82 सेमी.<br>ब. महिला आवेदक के लिए - समानुपात में | | |
| 4 | श्रवण | 6 मीटर की दूरी की अवाज सुनने की क्षमता | | |
| 5 | दाँत | पुष्ट मसूड़ों के साथ अच्छे दाँत | | |
| 6 | विजुवल मापदण्ड | Visual Acuity | Maximum limits of refractive error | Colour Vision |
| | | **6/12 Each Eye' Correctable To 6/6 Eacheye** | **Hypemetropia: +2.00<br>Myopia:1D<br>Including+ 0.50 D Astigmatism** | **CP-II** |

# वेतन भत्ता एवं अन्य सुविधाएं

**1. अग्निवीर पैकेज -**

प्रथम वर्ष रु. 30000 एवं भत्ता | द्वितीय वर्ष रु. 33000 एवं भत्ता | तृतीय वर्ष रु. 36500 एवं भत्ता | चतुर्थ वर्ष रु. 40000 एवं भत्ता

**2. सेवा निधि पैकेज** - 4 वर्ष की सेवा पश्चात अग्निवीर को रु. 10.04 लाख ब्याज सहित सेवानिधि जो आयकर से छूट योग्य

**3. वेतन मोटिलिटि सेवा** - प्रत्येक अग्निवीर को सेवा निधि पैकेज के लिए दो विकल्प

1. स्वरोजगार एवं उद्मिता हेतु आर्थिक ऋण
2. निकासी पर **immediate/incidental** खर्च

**4. भत्ता** - अग्निवीर का वेतन एक संयुक्त पैकेज है एवं उसे महंगाई भत्ता एवं सैनिक सेवा वेतन की कोई पात्रता नहीं होगी परन्तु समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी आवेदित रिस्क एवं हार्डशीप, राशन, ड्रेस एवं यात्रा भत्ता की पात्रता होगी।

**5.** अग्निवीर को किसी भी प्रकार के प्रोविडेन्ट फंड में किसी प्रकार के सहयोग से छूट होगी ।

**6.** अग्निवीर को इस योजना के तहत कोई भी ग्रेजुएटी या पेंशन संबंधी लाभ प्राप्त नहीं होगा ।

**7. जीवन बीमा कव्हरेज** - अग्निवीर को रु. 48 लाख का जीवन बीमा कव्हरेज दिया जायेगा और सेवा ग्रुप इंश्योरेंस फंड का लाभ नही होगा।

**8. चार साल की सेवा के पश्चात् प्राप्त होने वाले लाभ -**

सेवा निधि पैकेज | अग्निवीर कैशल विकास प्रमाण-पत्र | कक्षा 12वीं का प्रमाण-पत्र

**अवकाश :**

1. प्रत्येक वर्ष 30 दिनों का वार्षिक अवकाश
2. चिकित्सा सलाह के आधार पर बीमारी से सबंधित अवकाश

# भर्ती प्रक्रिया

## चरण -1 : कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा

- विज्ञान विषय- भौतिकी, गणित एवं अंग्रेजी विषयों में 10 + 2 सीबीएसई सिलेबस पर आधारित 60 मिनट की **Online** परीक्षा
- विज्ञान विषय के अलावा- अंग्रेजी तथा तार्किक योग्यता एवं सामान्य ज्ञान विषय के 10+2 सीबीएसई के अनुसार 45 मिनट की ऑनलाईन परीक्षा
- विज्ञान विषय एवं अन्य विषयों के लिए - भौतिकी, गणित एवं अंग्रेजी विषय के 10+2 सीबीएसई सिलेबस तथा तार्किक एवं सामान्य ज्ञान पर आधारित 85 मिनट की ऑनलाईन परीक्षा
- मूल्याकंन विधि- 1. प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक
  2. प्रत्येक गलत उत्तर पर 0.25 अंक घटेंगें

## चरण -2 : सभी के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (PFT)

**(PFT) 1**

| Test | Maximum Permissile Time | |
|---|---|---|
| | **Male Candidates** | **Female Candidates** |
| **1.6 KM Run** | **Within 07 Minutes** | **Within 08 Minutes** |

**(PFT) 2 - Male**

| Test | Maximum Time Period |
|---|---|
| **10 Push-ups** | **01 Minute** |
| **10 Sit-ups** | **01 Minute** |
| **20 Squats** | **01 Minute** |

**(PFT) 3 - Female**

| Test | Maximum Time Period |
|---|---|
| **10 Sit-ups** | **01 Minute 30 Second** |
| **15 Squats** | **01 Minute** |

### Adaptability Test - II

शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आवेदकों को उक्त टेस्ट उत्तीर्ण करना होगा जिसके द्वारा यह सुनिश्चित किया जा सके कि आवेदक भारतीय वायु बल एवं सैनिक जीवन में अपने आप को व्यवस्थित कर सकता है, या नहीं।

## चरण -3 : चिकित्सा परीक्षण

**Adaptability Test - II** उत्तीर्ण करने वाले आवेदक को चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी जिसके दौरान विभिन्न प्रकार के शारीरिक एवं बॉयोकेमिकल जाँच की जायेगी।

**अधिक जानकारी के लिये संपर्क**

वायुसेना के वेबसाईट **https://agnipathvayu.cdac.in** तथा अपने जिले के जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से संपर्क कर सेकते हैं।